प्रणवी और अवनि महिला इंडियन ओपन में संयुक्त पांचवें स्थान पर

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 22 अक्तूबर।

भारत की प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत गुरुवार को गुरुग्राम में महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं जबकि स्विट्जरलैंड की क्यारा ताम्बुरलिनी ने अंतिम लम्हों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर बढ़त बना ली। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में सिंगापुर की शैनन टैन ने बोगी रहित चार अंडर 68 का स्कोर बनाया और अर्जेंटीना की मैग्डालेना सिमरमाकर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। स्वीडन की आंद्रिया लिंगनेल का खेल रोके जाने के समय 18वें होल का खेल बाकी था। अंधेरा होने के कारण शाम पांच बजकर 57 मिनट पर खेल रोक दिया गया। सुबह के सत्र में शैनन टैन के साथ खेल रहीं प्रणवी पेट की समस्या से परेशान रहीं। इसके बावजूद उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। हालांकि, परेशानी नहीं होती तो उनका प्रदर्शन और बेहतर हो सकता था। त्वेसा मलिक एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त नौवें जबकि दीक्षा डागर पांच ओवर 77 के स्कोर से संयुक्त 62वें स्थान पर हैं।